# भारत को "अपरिष्कृत हीरों का अंतरराष्ट्रीय व्यापार केन्द्र" बनाने के लिए हीरा क्षेत्र संबंधी कार्य दल की रिपोर्ट

भारत सरकार
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग
नई दिल्ली

फरवरी, 2013

# विषय - सूची


| क्रम सं. | विषय | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| 1 | प्राक्कथन | |
| 2 | कार्यकारी सार | |
| 3 | अध्याय 1 : परिचय | |
| 4 | अध्याय 2 : भारतीय परिदृश्यक | |
| 5 | अध्याय 3 : विस्तृत सुझाव और उनका स्पष्टी करण | |
| 6 | परिशिष्ट 1 : कार्यदल की संरचना तथा कार्यक्षेत्र | |
| 7 | परिशिष्ट 2 : उद्योग की पृष्ठभूमि | |
| 8 | परिशिष्ट 3 : हीरा उद्योग में कराधान की चुनौतियां | |
| 9 | परिशिष्ट 4 : भारत में हीरा उद्योग के कराधान का विकास | |
| 10 | परिशिष्ट 5 : निर्यात में अपेक्षित प्रलेखन | |
| 11 | परिशिष्ट 6 : उद्योग प्रौद्योगिकी और कौशल संबंधी अपेक्षाएं | |
| 12 | परिशिष्ट 7 : आयात/निर्यात संबंधी आंकड़े | |
| 13 | परिशिष्ट 8 : हितकारी/अनुमानित काराधान का कर अभिवर्धी प्रभाव | |

# प्राक्कथन

हीरा उद्योग इस समय गहन मंदी झेल रहा है। वर्ष 2011-12 और 2012-13 (अप्रैल-दिसम्बर) के दौरान कटे और परिष्कृत हीरों के कुल निर्यात में क्रमश: 17 प्रतिशत और 36 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। अमरीका जो पारंपरिक रूप से हीरों का एक मुख्य बाजार रहा है, में हमारा हिस्सा घटता जा रहा है। ऐसी रिपोर्टें हैं कि चीन अफ्रीकी देशों में खानों के अधिग्रहण के जरिए भारतीय हीरा उद्योग के लिए मुख्य खतरे के रूप में उभर रहा है, जो हमारे लिए मुख्य चुनौती है। दुबई भी वैश्विक हीरा व्यापार केन्द्र के रूप में उभर रहा है। इस सरोकार और हीरा उद्योग के वास्तविक हित की रक्षा करने के उद्देश्य से वाणिज्य विभाग ने हीरों के व्यापार को बढ़ाने और भारत को अपरिष्कृत हीरों का अंतरराष्ट्रीय व्यापार केन्द्र बनाने के उपायों का सुझाव देने के लिए हीरा क्षेत्र के लिए एक कार्य दल का गठन किया है।

इस कार्य दल ने 16 और 30 जनवरी, 2013 को बैठकें आयोजित कीं और व्यापार सरलीकरण, काराधान तथा राजकोषीय उपायों और संवर्धनात्मक मामलों से संबंधित मुद्दों पर विचार किया था। कार्य दल ने हीरा क्षेत्र के विकास के लिए कई सिफारिशें की हैं जिन पर सरकार द्वारा क्रियान्वयन हेतु विचार किया जा सकता है।

इस कार्य दल को आशा है कि वर्ष 2013-14 तक पण्य वस्तु निर्यात दोगुना करने के लिए वाणिज्य विभाग द्वारा तैयार किए गए कार्यनीति पत्र में इस क्षेत्र के लिए निर्धारित महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने के लिए इन सिफारिशों से मदद मिलेगी। कार्य दल का यह विश्वास है कि इस क्षेत्र के लिए लाभदायी माहौल के सृजन से उपलब्ध अवसरों के दोहन के जरिए नई ऊंचाइयां हासिल करने में मदद मिलेगी।

दो बैठकों में कार्य दल के सदस्यों की उत्साहजनक भागीदारी और उनके रचनात्मक योगदान हेतु हार्दिक आभार व्यक्त किया जाता है। हमें आशा है कि इन सिफारिशों के क्रियान्वयन से भारत अपरिष्कृत हीरों के लिए व्यापार केन्द्र बनेगा।

(अनूप के. पुजारी)

महानिदेशक, विदेश व्यापार और अध्यक्ष, कार्यदल

# कार्यकारी सार

भारतीय हीरा उद्योग इस समय मंदी के दौर से गुजर रहा है। वित्त वर्ष 2011-12 और 2012-13 (अप्रैल-दिसम्बर) के दौरान कटे और परिपकृत हीरो के कुल निर्यात में क्रमश: 17 प्रतिशत और 36 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। अमरीका हीरो का सबसे बड़ा बाजार है क्योंकि अमरीका को होने वाला निर्यात 6.1 बिलियन अमरीकी डालर के स्तर पर है जो बेल्जियम और इस्राइल के निर्यात से अधिक है। यद्यपि हीरों की बिक्री में अत्यधिक कमी आयी है, अक्तूबर,-दिसम्बर, 2013 के दौरान त्यौहारों के महीनों में इस उद्योग में घनात्मक वृद्धि दिखाई देने की संभावना है। अमरीका में हमारे हिस्से में गिरावट शुरू हो गई है; उद्योग को पूर्ण विश्वास है कि अमरीका मजबूत वैश्विक व्यापार भागीदार बना रहगा।

हाल में, ऐसी रिपोर्टें आयी हैं कि चीन सरकारी वार्ता और सहायता के माध्यम से अपरिकृत हीरों की आपूर्ति के लिए अफ्रीकी दशों की सरकारों के साथ प्रत्यक्ष डील कर रहा है जिससे यह विश्व में एक मुख्य हीरा विनिर्माता के रूप में उभरने की स्थिति में है। दुबई भी वैश्विक हीरा व्यापार केन्द्र के रूप में मजबूती से उभर रहा है।

इन सरोकारों को देखते हुए और हीरा उद्योग के वास्तविक हित की रक्षा करने के लिए माननीय मंत्री ने वाणिज्य विभाग को हीरा व्यापार बढ़ाने तथा भारत को अपरिष्कृत हीरों को अंतरराष्ट्रीय व्यापार केन्द्र बनाने के उपाय सुझाने के लिए हीरा क्षेत्र के लिए एक कार्य दल का गठन करने का निदेश दिया है।

## सुझावों का सार

### विधि से संबंधित

1) यद्यपि यह उद्योग दीर्घ समय के लिए एक अनुमानित कराधान प्रणाली चाहता है, यह वित्त मंत्रालय से अनुरोध करेगा कि वर्ष 2007-08 में लायी गई हितकारी निर्धारण प्रक्रिया (बीएपी) के अंतर्गत आयकर की गणना के लिए निवल लाभ दर को 6.0 प्रतिशत से घटाकर 2.5 प्रतिशत तक लाया जाए ताकि इसके विकल्प का चयन करने के लिए निर्यातकों को प्रोत्साहित किया जा सके। हालांकि मामला यह नहीं है, क्योंकि बीएपी केवल कागज पर ही स्कीम बन कर रह गई है। करदाताओं के हित, कर संग्रहण का आकार और अनुपालन को देखते हुए भविष्य में एक व्यापक हितकारी कराधान प्रणाली की शुरूआत की जा सकती है। यह उपाय वास्तविक अधिकतम दर के साथ कर अभिवर्धी होगा।

2) कटे और परिष्कृत हीरों के लिए पिछले तीन वर्षों के औसत निर्यात के 15 प्रतिशत तक शुल्कर मुक्तय पुनआर्यात कोटा की अनुमति दी जाए।

3) अपरिष्कृत हीरों के आयात और व्याप पार के लिए विशेष अधिसूचित क्षेत्र (एसएनजेड) की स्थापना करना जिसमें निवल आय अनिश्चित और करों का भुगतान केवल भारतीय कंपनियों के बिलों पर ही हो।

4) हीरा क्षेत्र के लिए, किसी भी मूल्यं निर्धारण संबंधी विवादों के लिए सूरत और मुबंई पत्तनों में स्थित अवैतनिक मूल्यरनिर्धारण पैनल प्रणाली जा अधिसूचना संख्या 94/2007 और 95/2007 से पहले प्रचालन में थी, को जारी रखा जाए और तदनुसार हीरों के मूल्य4 निर्धारण के मामले में विशेष मूल्ये निर्धारण शाखा के लिए ऐसी अधिसूचनाओं में जोड़ा जाए।

5) इस तथ्ये को देखते हुए कि भारत अपरिष्कृत हीरों का निर्माता नहीं है तथा कटे और परिष्कृत हीरों के उत्पाद का लगभग 90-94 प्रतिशत हिस्साएजिसका भारत में विनिर्माण किया जाता है, निर्यात होता है और इस क्षेत्र पर किसी अप्रत्यु क्ष कराधान का परिणाम केवल कर निर्यात पर होगा, इस क्षेत्र को शून्य्-दर की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली के रूप में घोषित किया जाए तथा सेवा कर, वैट अथवा जीएसटी के रूप में संग्रहित सभी शुल्क वास्तेविक निर्यात का सर्वेक्षण करके परिकलित दरों पर ड्राबैक के द्वारा वापस किए जाएं।

**नीति से संबंधित**

6) गैर पेट्रोलियम निर्यात उद्योगों जिनका उनके निर्यातों के 70 प्रतिशत से अधिक आयात है, को दिए गए उधार के पुनर्वित्तपोषण के लिए आरबीआई द्वारा एक विशेष निधि स्था पित किया जाना। यदि सरकार ऐसी सुविधा मुहैया कराने में असमर्थ है , तो ऐसे क्षेत्रों को कच्ची सामग्री की खरीद हे तु उनकी कार्य शील पूंजीगत आवश्यकताओं के लिए विदेशी मुद्रा में ईसीबी की व्यवस्था करने की अनुमति दी जानी चाहिए।

7) 2 प्रतिशत ब्याज सहायता योजना में समूचे रत्न और आभूषण निर्यातकों को शामिल किया जाना चाहिए जैसा कि 2008-09 में किया गया था।

**प्रक्रिया से संबंधित**

8) वर्ष 2006 में इस उद्योग के लिए गठित किए गए पिछले कार्य दल के दौरान दिए गए सुझावों और उन पर बनी सहमति के अनुसार निर्यात के लिए सीमाशुल्कि हेतु दस्तावेजों संबंधी आवश्यकताओं को कम करके 23 से 12 दस्तावेज किया जाए।

9) उद्योग द्वारा सामना किए जा रहे निर्यात संबंधी प्रक्रियात्मक मुद्दों के सरलीकरण हेतु अन्य सुझाव।

**अतिरिक्त उपाय**

10) भारत में हीरों के खदानों के लिए भारतीय उत्पादकों के लाभार्थ नीति

11) उन देशों के साथ मुक्त व्यापार करार करना जो हीरों और हीरों से जड़ित आभूषणों के उपभोक्ता हैं, किन्तु ब्राजील और रूस की तरह हीरों पर निषेधात्मक आयात शुल्क होना चाहिए।

12) सरकार इस उद्योग की भागीदारी से निम्नलिखित हेतु एक निधि स्थापित करे क) हीरों का सामान्य संवर्धन (ख) प्रमुख उपभोक्ता बाजारों में भारत निर्मित आभूषणों का संवर्धन

13) हीरों तथा हीरों से जड़ित आभूषणों के छोटे विनिर्माताओं को सक्षम बनाने के लिए 200 करोड़ रुपये की प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना (टीयूएफएस) का सृजन करना ताकि इन्हें नवीनतम विनिर्माण प्रौद्योगिकी का लाभ मिल सके।

14) निम्नलिखित के संदर्भ में हीरा क्षेत्र में कौशल विकास करना :

   क. नौवीं कक्षा से सीबीएसई और अन्य विद्यालयों में व्यावसायिक पाठ्यक्रम के रूप में हीरा मूल्यांकन और हीरा-कट-डिजाइन की शुरूआत करना।

   ख. हीरा प्रोसेसिंग का कार्य करने वाली छोटी इकाइयों के उन्नयन के लिए कार्यक्रम की शुरूआत करना।

   ग. हीरा प्रोसेसिंग उप-क्षेत्र में प्रवेश स्तर पर सभी कार्यों के लिए प्रशिक्षण पुस्तिका तैयार करने का कार्य करना।

15) आयात के निए निष्पादित रत्नों को अपरिष्कृत रत्न माना जाए।

# रिपोर्ट

# अध्याय 1 : परिचय

## पृष्ठ भूमि

हीरा शब्दग्रीक शब्दअदामाओ से आता है जिसका अर्थ है "मैं वश में करता हूं", 'मैं नियंत्रण रखता हूं'। "अदामास" विशेषण का प्रयोग ज्ञात सबसे कठोर पदार्थ के लिए किया गया था जो बाद में हीरा का सामानार्थी हो गया। हीरों का ज्ञान और उसके कई मायनों की शुरूआत भारत में हु ई थी जहां इसे सबसे पहले खान से निकाला गया था। संस्कृत में हीरा के लिए 'व्रज' शब्द का प्रयोग किया जाता है।

हीरे का सबसे प्राचीन ज्ञात संदर्भ कौटिल्यद्वारा रचित संस्कृत ग्रंथ अर्थशास्त्र में आता है। बुद्ध भट्ट की 'रत्न परीक्षा' रत्नोंपर छठी शताब्दी की संधि है। इस ग्रंथ में हीरों के बारे में भारत के ज्ञान का उल्लेख है।

ई.पू. चौथी शताब्दीसे शुरू होकर 1000 वर्षों तक भारत हीरों का एकमात्र स्रोत था। काहिनूर द ओलिफ, द ग्रेट मुगल , संसी होप, फ्लोरटाइन, नसाक, रिजेंट, पितली, निजाभ इत्यादि जैसे विश्व् प्रसिद्ध हीरे भारत का उत्पाद थे। सन 1725 में, ब्राजील में महत्वपूर्ण स्रोतों की खोज हुई और 1870 के दशक में दक्षिण अफ्रीका में मुख्यखोज से हीरों की आपूर्ति में नाटकीय वृद्धि हुई थी। प्रमुख अतिरिक्त उत्पादकों में अब रूस, कनाडा, बोत्सवाना, आस्ट्रेलिया, डीआर कांगो, घाना इत्यादि शामिल हैं। इस समय 25 से अधिक देशों में हीरे की खाने हैं।

भू-गर्भीय प्रक्रियाएं दो प्रकार की हीरा खदानों का निर्माण करती हैं :

जिन्हेंप्राथमिक और द्वितीयक स्रोत कहा जाता है। प्राथमिक स्रोत किंबरलाइट और लैम्प्रोइट हैं जो पृथ्वी के गर्भ से हीरों को ऊपर उठाते हैं , जहां इनकी उत्पत्ति होती है। द्वितीयक स्रोत क्षरण से निर्मित होते हैं जिनमें पाइप के आसपास भूतल पर बिखरे हुए हीरे , नदी में व्याप्त हीरे जो समुद्र की किनारे स्थित लहरों से प्रवाह में आते हैं।

आज अलंकरण के रत्नों के रूप में हीरों का प्रयोग अधिकांश व्यक्तियों को ज्ञात है। 1900 के दशक से रत्नशास्त्र के क्षेत्र के विशेषज्ञों ने विशेषताओं के आधार पर हीरों और रत्नों के वर्गीकरण की प्रणाली विकसित की है जिससे रत्नों के मूल्यका निर्धारण किया जाता है।

# अध्याय 2 : भारतीय परिदृश्यण

## 2.1 भारतीय रत्नो और आभूषण उद्योग

भारत का रत्नभ और आभूषण उद्योग अर्थव्य्वस्थाक्ा एक चमकता सितारा है तथा देश के निर्यातोन्मुक्ख विकास की महत्वपूर्ण आधारशीला है। यह उद्योग वित्त वर्ष 2011-12 में 43 बिलियन अमरीकी डालर के स्तर पर था, भारत की निर्यात अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख विकास क्षेत्र था तथा पिछले वित्त वर्ष में यह कुल भारतीय निर्यात के 14 प्रतिशत विदेशी मुद्रा अर्जन के साथ प्रमुख उद्योग था।

## 2.2 भारतीय हीरा उद्योग

उद्योग के कुल रत्नर और आभूषण निर्यात समूह में हीरे का 54 प्रतिशत हिस्सा है तथा भारत कटे और अपरिष्कृत हीरों का प्रमुख निर्यातक है। इस उद्योग के विश्व सनीय निष्पादन में प्रमुख योगदानकर्ता एक व्यापक हीरा विनिर्माण क्षेत्र है जिसमें देशभर के लगभग दस लाख व्यव क्ति कार्यरत हैं। यह उद्योग छोटे उद्योग के रूप में 1950 के दशक के रूप में शुरू होकर पिछले कई वर्षों से क टे और परिष्कृत हीरों के विश्वगसे सबसे बड़े विनिर्माण केन्द्र के रूप में स्थापित हो गया है और यह मूल्य के संदर्भ में विश्व की आपूर्ति का 60 प्रतिशत, मात्रा के संदर्भ में 85 प्रतिशत और नगों के संदर्भ में 92 प्रतिशत है। नवसारी, भावनगर, अमरेली के साथ सूरत को हीरा विनिर्माण /प्रोसेसिंग केन्द्र के रूप में जाना जाता है जबकि मुंबई हीरा व्यापार केन्द्रमके रूप में जाना जाता है।

भारत मात्रा और मूल्यके संदर्भ में हीरा व्यांपार में अग्रणी है। यह महत्वपूर्ण स्थिति सरकारी नीतियों के निरन्तर उदारीकरण, उद्यमशीलता, और कौशलयुक्त श्रम के जरिए हासिल की गई है। भारत ने अपनी मूल्यतप्रतिस्पर्धा और न्यूनतम लाभ पर कार्य करने की इच्छात के कारण हीरा कटिंग और पॉलिश के व्यापार में भी विश्व् में सबसे बड़ा स्थान हासिल किया है।

विश्वभर में आभूषण में जड़ित प्रत्येक 15 हीरों में 14 हीरे भारत में प्रोसेस किए जाते हैं। भारत पहले ही अपने आप को "अन्तंरराष्ट्रीय हीरा विनिर्माण केन्द्र" के रूप में स्थारपित कर चुका है। भारतीय हीरा उद्योग ने विश्व भर में विपणन नेटवर्क सृजित किया है। इसके अलावा, यह देश के उद्योग और वित्तीय संस्थाओं की सहायता का मजबूत वित्तीय आधार है।

इस समय, छोटे हीरो के साथ हीरों के विश्व। में अपने लिए अवसर सृजित करने के पश्चाद त भारत बड़े रत्नों और शृंगारिक धातुओं की कटिंग और पॉलिश के लिए कौशल विकसित कर रहा है। भारतीय हीरा पॉलिश कारखाने विश्वगकी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का प्रयोग कर रहे हैं और लेजर मशीन, कम्प्यूटरीकृत यील्ड प्लानिंग मशीन, उन्नत ब्रूटिंग लेश, डायमंड इंप्रेग्नेटेड स्कैप इत्यादि का इस्तेमाल कर रहे हैं।

बेल्जियम, इजराइल, चीन और दुबई जैसे अन्यतसफल वैश्विक हीरा व्यापार केन्द्रा इसे समझते हुए हीरा व्यापार के लिए निम्न और निश्चित कराधान प्रणाली की पेशकश कर रहे हैं। इसका तात्पर्य यह है कि विनिर्माण में भारत के वर्तमान प्रभुत्वऔके बावजूद यह अपरिष्कृत्त हीरों के लिए केन्द्र बनने में असफल रहा है और इस प्रकार मात्रा लागत, ब्रोकरेज लागत इत्यादि के रूप में हमारे निर्यातकों के लेनदेन लागत में वृद्धि हुई है। छोटे विनिर्माता भी बुरी तरह प्रभावित हैं क्योंकि हांगकांग, बेल्जियम, दुबई इत्यादि में अपरिष्कृत हीरों की आपूर्ति के संबंध में डील करने की उनकी पहुंच और क्षमता नहीं है , अत: वे पूरी तरह द्वितीयक आपूर्ति पर निर्भर हैं।

### 2.3 सांख्यिकीय पृष्ठभूमि

अपरिकृत, कटे और परिष्कृत हीरों का निर्यात (मूल्यन: मिलियन अमरीकी डालर)

| वर्ष | अपरिष्कृत हीरे | कटे और परिष्कृत हीरे |
|---|---|---|
| 2011-12 | 1772 | 23356 |
| 2010-11 | 1137 | 28221 |
| 2009-10 | 744 | 18224 |
| 2008-09 | 776 | 14804 |
| 2007-08 | 567 | 14205 |
| 2006-07 | 565 | 10910 |

अपरिकृत, कटे तथा परिष्कृत हीरों का आयात

| वर्ष | अपरिष्कृत हीरे | कटे और परिष्कृत हीरे |
|---|---|---|
| 2011-12 | 15163 | 14472 |
| 2010-11 | 11994 | 20808 |

| वर्ष | अपरिष्कृत हीरे | कटे और परिष्कृत हीरे |
|---|---|---|
| 2009-10 | 9048 | 11610 |
| 2008-09 | 7960 | 8982 |
| 2007-08 | 9797 | 5461 |
| 2006-07 | 8767 | 2027 |

(वैश्विक सांख्यिकी परिशिष्ट 6 में शामिल की गई है)

कटे और परिष्कृत हीरों के मुख्यं बाजार हांगकांग, यूएई, यू.एस.ए,, बेल्जियम, इजराइल इत्यादि है। देश में कच्ची सामग्री अर्थात अपरिष्कृत हीरों की प्रतिबंधित आपूर्ति के कारण कटिंग और पॉलिश उद्योग की वृद्धि की समग्र क्षमता सीमित है। तथापि , भारत में व्यापक कटिंग और पॉलिश की गतिविधियों और पर्याप्त घरेलू बाजार को देखते हुए हीरा उद्योग व्यापार जो एंटवर्प, इजराइल में केन्द्रित है, को भारत की ओर आकर्षित किया जा सकता है।

## अध्याय 3 : विस्तृत सुझाव और उनका स्पष्टीकरण

**विधि से संबंधित**

**1. यद्यपि इस उद्योग को दीर्घावधि में एक अनुमानित कराधान प्रणाली की आवश्यगकता है, यह वित्त मंत्रालय को अनुरोध करेगा कि हितकारी निर्धारण प्रक्रिया (बीएपी) के लिए कर दर घटाकर 2.5 प्रतिशत की जाए ताकि उद्योग को स्वीकृति मिल सके, कर संग्रहण की दर का निर्धारण किया जा सके, इस योजना के विकल्पके लिए उद्योग की रूचि देखी जा सके।**

**उद्योग के समक्ष मुद्दे**

वर्ष 2006 में, भारत में प्रतिस्पर्धी कर सुधारों के क्रियान्वयन के जरूरत को आंकने के लिए रत्न और आभूषण संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने वित्त मंत्रालय और वाणिज्य मंत्रालय के समक्ष उद्योग के लिए सरलीकृत आयकर परिकलन तंत्र की शुरूआत की मांग करते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत किया था।

इस प्रतिवेदन में, उद्योग के सदस्योंर द्वारा आयकर अधिकारियों को कारोबार के विभिन्न कारकों अर्थात 4सी (कट, क्लैरिटी, कैरेट और कलर) के स्पष्टीकरण देते समय और करयोग्ये लाभ के परिकलन पर उसके प्रभाव को स्पष्ट करते समय मौजूद सरोकारों को रेखांकित किया गया है।

जीजेईपीसी ने स्पष्ट रूप से यह अधोरेखित किया कि उद्योग किसी कानूनी विवाद से बचने के लिए सरकार से केवल सरलीकृत कर आकलन तंत्र शुरू करने की अपेक्षा करता है और उसके सदस्यों को कोई भी कर रियायत अथवा छूट की आवश्यकता नहीं है।

**उद्योग द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदनों का प्रभाव**

उद्योग द्वारा उठाए गए मुद्दों को वित्त मंत्रालय और वाणिज्य मंत्रालय द्वारा सराहा गया और अभिस्वीकृती दी गई तथा विश्व के प्रतिस्पुर्धी राष्ट्रों में व्याप्त परिपाटी के साथ जीजेआई द्वारा सामना किए जाने वाले कथित मुद्दों के विश्लेषण अध्युयन पर बल दिया गया था। वित्त मंत्री ने 2006-07 के बजट भाषण में यह कहा था :

> *"हमारा विश्वास है कि रत्न और आभूषण उद्योग के लिए केन्द्र के रूप में भारत को विकसित करने के लिए काफी गुंजाइश है। अत: मैं एक विशेषज्ञ समिति के गठन का प्रस्तांव करता हूं जो इस क्षेत्र की संभावना तथा भारत और विदेश में कराधान की मौजूदा परिपाटी का अध्ययन करेगी और इस संबंध में अपनी सिफारिशें करेगी।*

इसके परिणामस्वरूप, वित्त मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीरय परंपरागत तरीकों समेत कर संबंधी मुद्दों के अध्ययन के लिए श्री शिवरामन ('शिवरामन समिति') की अध्यक्षता में 2006 में एक विशेषज्ञ समिति स्थापित की और सिफारिशें प्रस्तुत करने के लिए कहा गया जिससे इस क्षेत्र के विकास में तेजी आएगी तथा भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार केन्द्र के रूप में विकसित होने में समर्थ होगा। समिति ने अपनी रिपोर्ट में अन्य बातों के साथ रत्न और आभूषण क्षेत्र के लिए एक अनुमानित पद्धति के क्रियान्वयन की सिफारिश की। यह योजना बेल्जियम, इजराइल, थाईलैंड जैसे प्रतिस्पर्धी देशों में व्याप्त ऐसी पद्धतियों के अनुरूप में शुरू की जानी थी।

शिवरामन समिति की सिफारिशों के अनुसार, अनुमानित कर पद्धति से :

- इस क्षेत्र में अधिक निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा;
- व्यापार, कुशल श्रमिक और पूंजी देश में ही रहेगी;
- स्वैच्छिक अनुपालन सक्षम होगा जिसके परिणामस्वरूप राजस्व बढ़ेगा;
- भारतीय उद्योग की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी; और
- रोजगार के अधिक अवसर निर्माण होंगे।

वाणिज्य मंत्रालय ने अप्रैल, 2007 में प्रस्तुत अपनी रिपोर्ट में जीजेआई के लिए कराधान की अनुमानित प्रणाली अपनाने की आवश्यकता पर शिवरामन समिति की सिफारिशों पर सहमति दर्शाई थी।

जीजेआई के लिए एक अनुमानित कर योजना हेतु विशेषज्ञ समिति की सिफारिश के बावजूद वित्त मंत्रालय ने 2007-08 के **बजट में हितधारी निर्धारण प्र**क्रिया (बीएपी) की शुरूआत की। बीएपी के अनुसार, निर्धारिती की खाताबहियां विस्तृत जांच के अध्यधीन नहीं होंगी यदि उक्त निर्धारिती हीरा विनिर्माण और व्यापार की गतिविधि से कुल कारोबार का 8 प्रतिशत अथवा अधिक कुल लाभ घोषित करता हो। उक्त मान्य सीमा को सीबीडीटी द्वारा जारी अनुदेश आदेश संख्या 2/2008 दिनांक 22.02.2008 के अनुसार संशोधित करके 6 प्रतिशत किया गया था।

बीएपी अपने वर्तमान स्वरूप में केवल उन्हीं निर्धारितों के लिए उपलब्ध है जिनका हीरों के विनिर्माण और/अथवा व्यापार की गतिविधि से लाभ और प्रतिलाभ 6 प्रतिशत की सीमा के समतुल्य अथवा अधिक हो। तथापि, निर्धारित 6 प्रतिशत की उक्त दर हीरा विनिर्माण और व्यापार उद्योग जो केवल 1 प्रतिशत

से 3 प्रतिशत लाभ पर कार्य करता है , में वास्तोविक रूप से कहीं भी प्रतिबि म्बित नहीं होती है। वित्त मंत्रालय को यह मानना चाहिए कि यदि उद्योग 6 प्रतिशत लाभ की मांग करता तो वह बाजार हिस्साल कभी प्राप्त नहीं कर सकता जिसे कम लाभ पर हासिल किया गया है।

**बीएपी के अंतर्गत आने वाले मुद्दे**

- उपर्युक्त को देखते हुए बीएपी कागज पर ही एक योजना है क्यों कि इसमें उद्योग के अधिकांश उद्योजकों द्वारा अपनाए जाने की क्षमता नहीं है। इसके निम्नलिखित कारण हैं :
- वर्तमान बीएपी के लिए 6 प्रतिशत की सीमा इस प्रकार है कि वर्तमान उद्योग का मात्र 2 प्रतिशत इस सीमा को पूरा करने में सक्षम हो सकता है।
- हीरा विनिर्माण में वास्तविक निवल लाभ 1.5-4.5 प्रतिशत के दायरे में है तथा हीरा व्यापार का निवल लाभ 1-3 प्रतिशत के दायरे में है । 2012-13 में लाभ और अधिक कम होगा क्यों कि अपरिष्कृत हीरा उत्पादकों ने अपनी कीमतें अधिक रखी हैं (परिशिष्टम 1 देखें)।
- भारत में उद्योग के लिए मूल्यवर्धन 20-25 प्रतिशत है क्योंकि हम छोटे आकार और निम्न स्तर की वस्तुओं की बात करते हैं जिसके लिए अधिक श्रम की आवश्य कता होती है। अत : ब्याज लागत निवल आय जिसे हीरे के पूर्ण मूल्य पर अदा किया जाता है , पर विचार करने के बाद कुल कारोबार के 20-25 प्रतिशत के इस प्रकार के मूल्यवर्धन का 8.15 प्रतिशत होता है।
- हीरे विपणन योग्य होने से पहले ही उनका 2-3 गुना व्यापार होता है। भारत में वस्तुओं का एक विनिर्माणचक्र और एक व्यापार चक्र पर विचार करते हुए लाभ इस प्रकार होगा।
  - कारोबार (विनिर्माण और व्यापार का औसत) पर 1.25-3.75 प्रतिशत
  - मूल्यवर्धन का 12.5-30 प्रतिशत
- इसका परिणाम उद्योग के सदस्यों द्वारा बीएपी की प्रयोज्यता के न केवल अकार्यक्षमता में होता है बल्कि अतार्किक मानद अतिरिक्त में होता है जो विभिन्न कानूनी विवादों का विषय रहा है।

साथ ही, भारत में अहितकारी कर प्रणाली की मौजूदगी के कारण देश अपनी बाजार नेतृत्वं की स्थिति अन्यहनिम्न लागत वाली अर्थव्यीवस्थाओं को खो रहा है। यह इस तथ्य से स्थापित किया जा सकता है

कि पिछले दशक में, भारत ने जीजेआई में ऋणात्मौक वृद्धि दर्ज की है, तथापि, हमारे प्रतिस्पर्धियों उदा. चीन, थाईलैंड, दुबई इत्यादि ने इसी अवधि के दौरान अपने बाजार हिस्से् में काफी वृद्धि दर्ज की है।

| | 2002-2008 | 2008-2010 |
|---|---|---|
| भारत | 9% | -16% |
| चीन, थाईलैंड और अन्यत | 7% | 27% |
| दक्षिण अफ्रीका | 10% | 28% |
| इजराइल | -5% | -13% |
| रूस | 8% | -19% |
| अमरीका | 11% | -18% |
| बेल्जियम | 4% | 0% |

यह इस तथ्यर से स्थापित किया जा सकता है कि जिन देशों में अधिक श्रम लागत है , वहां ऋणात्मक वृद्धि[1] देखी गई। भारत कम लागत वाली अर्थव्यवस्था होने के बावजूद मुख्यत: जटिल कर प्रणाली के कारण इसमें ऋणात्मक वृद्धि देखी गई।

**सिफारिश :**

पिछले वार्तालाप के आधार पर यह उद्योग मानता है कि खाता बहियों , प्रारंभिक आय और अंतिम स्टॉक के मूल्यांकन इत्यादि जैसे मुद्दों पर कर प्राधिकारियों और उद्योग के बीच विश्वास की कमी है। इसके आधार पर, यह समझा जाता है कि हीरा क्षेत्र के आयकर विवरणों का 100 प्रतिशत आयकर में जांच के लिए जाता है। **अत: पहले कदम के रूप में, उद्योग बीएपी के अंतर्गत आयकर की संगणना के लिए लाभ दर घटकर 2.5 प्रतिशत चाहेगा ताकि ऐसा विश्वास विकसित हो सके।** यह दर उद्योग के बड़े हिस्सेह को बीएपी का विकल्प चयन करने में प्रोत्साहित करेगी और यह अनुपालन योग्यत होगी। यह जीजेईपीसी द्वारा किए गए सर्वेक्षित प्रतिष्ठायनों के लिए कर योग्या आय के औसत से ऊपर होगा (लाभप्रदता के लिए हीरा उद्योग में कराधान चुनौतियों पर परिशिष्ट 2 देखें)।

---

[1] *भारतीय प्रबंधन संस्थान, बंगलौर की रिपोर्ट - भारतीय निर्यात निष्पादन का सिंहावलोकन - प्रवृत्तियां और प्रेरक*

विगत में, इस उद्योग ने व्या् पार गतिविधि के 2 प्रतिशत और विनिर्माण गतिविधि के 3 प्रतिशत पर परिकलित निवल लाभ के लिए अनुमानित कर हेतु अनुरोध किया है। हम समझते हैं कि निर्धारण के दौरान बही खातों से विनिर्माण और व्यापार कारोबार के बीच पृथक्करण करना कठिन होगा। यदि ऐसा है तो 2.5 प्रतिशत के निवल लाभ के सुझाए गए दर से विनिर्माता और व्यापारी दोनों इस अनुपालन करने में प्रोत्साहित होंगे और यह सुनिश्चित होगा कि सरकार द्वारा लाए गए बीएपी को सफलता प्राप्त होगी।

यह उद्योग वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग से बीएपी का अनुपालन करने वाली कंपनियों के लिए निम्न्लिखित शामिल करने का भी अनुरोध करता है :

- संगत प्राधिकरणों द्वारा लेखापरीक्षित बहीखाते स्वीकृत किए जाएं।
- अपरिष्कृत तथा परिष्कृत हीरों की बिक्री पर अंतरण मूल्य। निर्धारण अनुपालन से उद्योग को छूट दी जाए। बीएपी में सूचित किया गया है कि बहीखाते स्वी् कार्य हैं, अत: अंतरण मूल्यो निर्धारण संबंधी प्रश्न उठाना अप्रासंगिक हो जाता है और बीएपी का उद्देश्या असफल हो जाता है (परिशिष्टं 2 देखें)।
- ऐसे निर्यातकों द्वारा प्राधिकृत बैंकों के साथ निर्यात और आयात का विदेशी मुद्रा वायदा कारोबार और विकल्पं संविदाओं को कारोबार प्रचालन का हिस्सा माना जाए और लाभ/हानियों को पण्यवस्तु बाजारों की तरह ही दर्ज दिया जाए। हीरों की कीमतें अमरीकी डालर में होने के कारण विदेशी मुद्रा लेनदेन इस कारोबार का अभिन्नहहिस्सा है।
- सभी अपरिष्कृत और परिष्कृत हीरों की बिक्री पर हितकारी कराधान योजना के लिए विचार किया जाए और अपरिष्कृत हीरे के अस्वीकरण की बिक्री रद्दी न मानी जाए।
- सदस्यों के वार्षिक पंजीकरण के समय जीजेईपीसी द्वारा संग्रहित सूचना के आधार पर, हीरों का कुल निर्यात कारोबार वित्त वर्ष 2011-12 में 99,835.12 करोड़ रुपये था। यदि सभी कंपनियां 2.5 प्रतिशत हितकारी निर्धारण प्रक्रिया को अपनाती है , तो सरकार के लिए संभावित कर राजस्वर750 करोड़ रुपये होगा।

यदि वास्तविक सीमा दर रखी जाती है, तो यह उपाय कर वर्धन होगा और कर संग्रहण में 6-15 प्रतिशत की अनुमानित वृद्धि होगी (परिशिष्टी 7 देखें)।

**2. मूल्यि के संदर्भ में पिछले वर्ष के निर्यात के 15 प्रतिशत तक कटे और परिष्कृत हीरों के लिए शुल्क2 मुक्त पुनर्आयात कोटा की अनुमति दी जाए।**

जनवरी, 2012 में, सरकार ने कटे और परि ष्कृत हीरों पर 2 प्रतिशत आयात शुल्कर की शुरूआत की। उद्योग ने जीजेईपीसी के जरिए हीरों की राउंड ट्रिपिंग की रोकथाम के लिए इस उपाय का अनुरोध किया था जिसके परिणामस्वरूप देश के लिए आयात और निर्यात में वृद्धि हुई।

जबकि इस उपाय के अपने वांछित प्रभाव हैं, इसका तात्पर्य यह भी है कि :

- ग्राहकों द्वारा वापस की गई व स्तुओं के मामलों में भूल- चूक के वास्त विक मामलों में छोटी समस्याओं के लिए विवाद उत्पन्न, हो सकता है।
- उपर्युक्त मामलों में, यद्यपि वास्तविक वापसी हो, निर्यातकों को आयात शुल्क के 2 प्रतिशत का भुगतान करने के लिए कहा जाता है।
- भारतीय कंपनियों जो अपरिष्कृ त हीरों का आयात करती हैं और भारत के बाहर अपने कारखानों में हीरा पॉलिश करती हैं, बोत्सवाना जैसे देशों से अपरिष्कृत हीरों का कोटा प्राप्त करती हैं, भी नुकसान में हैं।

कंपनियों को पिछले वर्ष के निर्यात कारोबार के 15 प्रतिशत तक शुल्क मुक्त पुनर्आयात की अनुमति देने से कंपनियां ऐसे विवादों से बचने में सक्षम होंगी और विदेशों में अपने कारखाने रखने वाली कंपनियां भारत में पालिश आयात करने में भी सक्षम होंगी। अपेक्षाकृत थोड़ा प्रतिशत राउंड ट्रिपिंग के संदर्भ में इस कोटे के किसी दुरुपयोग को हतोत्साहित करेगा।

**3. अपरिष्कृत हीरों के आयात के लिए विशेष अधिसूचित क्षेत्र (एसएनजेड) की स्थापना जहां निवल आय निश्चित हो और कर केवल भारतीय कंपनियों के बिलों पर प्रदत्त हो और पुनर्निर्यात पर न हो।**

हीरों के बड़े उत्पादक अवगत हैं कि उनके अपरिष्कृत हीरों के बड़े हिस्से।को भारत में पॉलिश किया जाता है। भारत में ऐसे अपरिष्कृात हीरों के बड़े बाजार का अर्थ यह भी है कि वे बेल्जियम, इजराइल अथवा यू.ए.ई के परंपरागत व्यारपार केन्द्रों के बजाय भारत में प्रत्यक्ष बिक्री करके कुछ प्रतिशत अर्जित कर सकते हैं। तथापि, जटिल प्रक्रियाएं और संभावित कराधान विवाद जो उत्पन्न हो सकते हैं, बड़े उत्पादक अपनी कंपनियां भारत में स्थांपित करने के लिए संकोच कर सकते हैं इस तथ्य को देखते हुए कि भारत में इस समय अपनी दुकान स्थापित करने के लाभ का अर्थ केवल कुछ प्रतिशत अंक का अतिरिक्त राजस्व है।

भारत में अपरिष्कृत हीरों के आयात और कारोबार के लिए एक अधिसूचित क्षेत्र के सृजन से कंपिनयों को भारत में कारोबार के लिए अपनी अपरिष्कृत आपूर्ति सीधे लाने में मदद मिलेगी।

- आरंभ में यह बड़ी, स्थापित और प्रतिष्ठित खनन कंपनियां जो इस समय अग्रिम प्रेषण के लिए आरबीआई द्वारा पहले हो अधिसूचित की गई हैं (आरबीआईएपी (डीआईआर श्रृंखला) परिपत्र संख्या 21 दिनांक 29 दिसम्बर, 2009), के लिए खुला रहेगा , उनके संबंधित कार्यालय को सीमाशुल्कवबांड के अंतर्गत अधिसूचित क्षेत्र के रूप में सीमांकित किया जा सकता है।
- अन्यक्के लिए, बीडीबी द्वारा प्रबंधित तथा जीजेईपीसी द्वारा प्रचालित क्षेत्र को सीमाशुल्कए बांड के अंतर्गत सामान्यहअधिसूचित क्षेत्र के रूप में प्रयुक्त किया जा सकता है।

इस अधिसूचित क्षेत्र के भीतर

- केवल अपरिष्कृत हीरा बिक्री और अपरिष्कृत संकलन संबंधी गतिविधियों की अनुमति होगी।
- सभी लेनदेनों की सीमा शुल्कत्प्राधिकरण द्वारा कैरेट के हिसाब से न कि मूल्यी के हिसाब से जांच की जाएगी और सत्यापन किया जाएगा।
- सीमाशुल्कत्बांड के अंतर्गत इन क्षेत्रों से मुक्ति आयात और निर्यात होगा।
- घरेलू कंपनियों की सभी बिक्रियों पर (रुपये अथवा डीडीए तंत्र के जरिए)
  - डीटीए को क्षेत्र में किन्हीं बिक्रियों के लिए राष्ट्रीय आय 2 प्रतिशत दर पर मानी जाएगी।
  - आयकर प्रयोज्यतदरों तथा ऐसी सांकेतिक आय पर आधारित नियमावली के अनुसार देय होगा।
  - पुनर्निर्यात की गई किन्हींस्वस्तुओं पर सांकेतिक आय प्रभारित नहीं की जाएगी।

इन सभी अपरिष्कृत हीरा बिक्री करने वाली कंपनियों की खाता बहियों की जांच नहीं की जाएगी और अंतरण मूल्यषनिर्धारण नियमावली के अनुपालन की आवश्यकता नहीं होगी।

- **सांकेतिक आय योजना के अंतर्गत किसी अन्य अंतरराष्ट्रीय स्थान की अपेक्षा भारत में वस्तुओं की बिक्री करके कंपनियों को प्राप्त हुए किसी अतिरिक्त मूल्य पर कर लगाया जाता है।**
- **चूंकि सांकेतिक लाभों पर कर लगाया जाता है अंतरण मूल्यो निर्धारण प्रासंगिक नहीं है।**

***4. हीरा क्षेत्र के लिए, किन्हीं मूल्यांकन विवादों के लिए सूरत और मुंबई पत्तनों में अवैतनिक मूल्यांकन पैनल की प्रणाली है जो अधिसूचना संख्या 94/2007 और 95/2007 के पहले से प्रचालन में थी, को जारी रखा जाए और तदनुसार, हीरों के मूल्यांकन के लिए विशेष मूल्यांकन शाखा की ऐसी अधिसूचना में में शामिल किया जाए।***

हीरे, आभूषण, रंगीन रत्नों तथा मोतियों के मूल्यांकन के लिए मुंबई में अवैतनिक मूल्यांकनकर्ता हैं। इसी प्रकार का अवैतनिक मूल्यांकनकर्ता पैनल सूरत और जयपुर में भी है। इसे आयात के लिए अधिसूचना संख्या 94/2007 और निर्यात के लिए अधिसूचना संख्या 95/2007 के प्रख्यापन के बहुत पहले से अपनाया गया था। तथापि, हाल के वर्षों में, रत्न और आभूषण के निर्यात और आयात विशेषकर रंगीन रत्नय और हीरों के लिए आयात हेतु अधिसूचना संख्या 94/2007 और निर्यात के लिए अधिसूचना संख्या 95/2007 का संदर्भ देते हुए संबंधित पक्षों को निर्यात /आयात के मामले में मुंबई, जयपुर और सूरत में सीमाशुल्क प्राधिकरण द्वारा विशेष मूल्यांकन हेतु भेजे जा रहे हैं। ये अधिसूचनाएं हीरा उद्योग के लिए कम प्रासंगिक हैं क्योंकि :

हीरा पार्सल की विशेष रूप से नियुक्तव और प्रशिक्षित सीमा शुल्क मूल्यांकनकर्ता द्वारा जांच की जाती है।

- भार के लिए सभी पार्सलों की शत प्रतिशत जांच होती है।
- गुणवत्ता और मूल्यर के लिए सभी पार्सलों की शत प्रतिशत जांच होती है।

➢ इसके अतिरिक्तय, मुंबई, सूरत और जयपुर में अवैतनिक मूल्यांकन पैनल हैं, जिनके पास सीमा शुल्कस प्राधिकारियों द्वारा शंका अथवा विवाद के मामले भेजे जाते हैं।

  स्व्भावत: वस्तुओं और उद्योग के अधिक मूल्यै के कारण विनिर्माण अथवा विपणन जैसे प्रचालनों के आधार पर विभिन्नध देशों में स्थित सहायक अथवा सहयोगी प्रतिष्ठानों द्वारा चलाई जा रही स्वतंत्र कंपनियां हैं। वस्तुत: भारतीय हीरा कंपनियों का विदेश में इस तरह का बड़ा नेटवर्क होना बहुत बड़ा लाभ है जिससे इन अंतिम चार दशकों में इस उद्योग का अत्यहधिक विकास हुआ है। तथापि, इस तथ्यि से अब कई पार्सल सीमाशुल्क द्वारा एसवीबी को भेजे जा रहे हैं। दुर्भाग्यरवश, संबंधित कंपनियों के बीच लेनदेनों के लिए ऐसी विशेष मूल्यांकन शाखा (एसवीबी) द्वारा मूल्यांकन समयबद्ध प्रक्रिया नहीं है।

- एसवीबी के पास हीरों के मूल्यांकन के लिए अपेक्षित विशेषज्ञता का भी अभाव है जो सीमाशुल्कह प्राधिकरण के पास अच्छीं जानकारी और अनुभव के कारण होती है।

सीमा शुल्ककप्राधिकरण द्वारा लेनदेनों की मौजूदा निगरानी को देखते हुए जहां निगरानी प्रक्रिया को अनिवार्य समझा जाए , किसी भी मूल्यां कन विवा द को विशेष मूल्यांकन शाखा के बजाय मौजूदा अवैतनिक मूल्यांकन पैनलों के पास भेजा जाए। यह व्यवस्था वर्षों से प्रभावी रूप से चल रही थी।

अत: इस क्षेत्र के लिए सीमा शुल्क प्राधिकरण द्वारा मूल्यां कन के रेफरल मूल्यांकीन कर्ता के अवैनतिक पैनल के जरिए किया जाना जारी रखा जाए तथा व्यक ष्टि लदानों के लिए मूल्यांवकन स्तार में संदिग्ध डिलींग के लिए इस क्षेत्र हेतु इसी प्रक्रिया को आयात और निर्यात के लिए क्रमश: अधिसूचना संख्यास 94/2007 - सीमा शुल्क् (एनटी) और अधि सूचना संख्या 95/2007 (एनटी) में समाहित किया जाना चाहिए। (परिशिष्ट 1 देखें)।

***5. इस तथ्यशको देखते हुए कि भारत अपरिष्कृीत हीरों का निर्माता नहीं है तथा कटे और परिष्कृत हीरों के उत्पाद का लगभग 90-94 प्रतिशत हिस्साएजिसका भारत में विनिर्माण किया जाता है निर्यात होता है और इस क्षेत्र पर किसी अप्रत्यक्ष कराधान का परिणाम केवल कर निर्यात पर होगा, इस क्षेत्र को शून्यत-दर की अप्रत्य क्ष कर प्रणाली के रूप में संग्रहित सभी शुल्क वास्तविक निर्यात का सर्वेक्षण करके परिकलित दरों पर ड्राबैक के द्वारा वापस किया जाए।***

हीरों का निर्यात अत्यधिक आयात संवेदी होता है क्योंकि यह पूर्णतया विदेश से आयातित अपरि ष्कृत हीरा आपूर्ति पर निर्भर है। जहां हीरा उद्योग 15 हीरों में से 14 का उत्पादन करता है, यह हीरों का केवल 7.3 प्रतिशत ही उपभोग में लाता है, जैसा कि हाल ही की बैन रिपार्ट में कहा गया है जिसे एंटेवर्प विश्वह हीरा परिषद (एडब्यू डीसी) द्वारा तैयार किया गया था। अत : यह उद्योग मुख्य त: निर्यात संवेदी उद्योग है जो शून्यषशुल्क् कर प्रणाली के लिए आदर्श है क्योंकि यह सरकार की नीति है कि निर्यात करते समय करों का निर्यात न हो।

अधिसूचना संख्या 12/2012-सेवा कर के अनुसार हीरों के विनिर्माण के दौरान कियाजाने वाला जॉब सवा कर से छूट प्राप्त है। दिनांक 29 जून, 2012 की अधिसूचना संख्याय41/2012'सेवा कर के अनुसार भी निर्यात के समय प्रदत्त सेवा कर के लिए रत्नक और आभूषण के निर्यात हेतु 0.06 प्रतिशत के ड्रा बैक की घोषणा की गई है।

सरकार इस क्षेत्र को मुहैया कराए गए सेवा कर हेतु ड्रा बैक की समीक्षा करे और जीएसटी प्रणाली ऐसे लागू करने के लिए तैयार किया जा रहा है , के अंतर्गत हीरा के क्षेत्र को शून्य् शुल्क कर क्षेत्र घोषित करे।

**नीति से संबंधित**

***6. आरबीआई द्वारा गैर पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात उद्योगों जिनका उनके निर्यात के 70 प्रतिशत से अधिक आयात माल है, को दिए गए उधारों के पुनर्वित्तपोषण के लिए 3-5 बिलियन अमरीकी डालर की एक विशेष निधि की स्थापना की जाए। यदि सरकार इस प्रकार की सुविधा देने में सक्षम नहीं है, तो ऐसे क्षेत्रों को कच्ची सामग्री की खद हेतु उनकी कार्यशील पूंजीगत आवश्यकताओं के लिए विदेशी मुद्रा में ईसीबी की व्यवस्था करने की अनुमति दी जाए।***

ऐसे क्षेत्रों के लिए एक विशेष डॉलर निधि स्थापित की जाए जिनका :

- पेट्रोलियम और पेट्रोरसायन छोड़कर निर्यात मूल्यों के 70 प्रतिशत से अधिक का आयात माल हो, जहां परियोजनाएं इतनी बड़ी हों कि डॉलर वित्तपोषण का निर्धारण हो सके।

हीरा उद्योग को उपलब्ध होने वाली इस निधि के लिए :

- बैंक इस क्षेत्र को अमरीकी डालर में दिए गए अपने उधार के 50 प्रतिशत का पुनर्वित्तपोषण कर सकते हैं और बैंक अंतरराष्ट्रीय बाजार में व्याप्त लिबोर दर पर इन निधियों का लाभ उठा सकते हैं।

इन निधियां का लाभ उठाने के लिए बैंक यह सुनिश्चित करें कि :

- जब भी आवश्यक हो इस उद्योग को अमरीकी डालर का वित्तपोषण हमेशा उपलब्ध रहे
- बैंक, विस्तार आरबीआई दिशानिर्देशों का कठोर अनुपालन करें

इन निधि से पुनर्वित्तपोषण साधन आधारित होगा जहां क्रेडिट जाखिम निधि के बजाय संबंधित बैंक के साथ होगी।

ऐसे उपायों से उद्योग को मदद मिलेगी क्योंकि :

कार्यशील पूंजी का वित्तपोषण इस उद्योग के लिए मुख्य प्रेरक बना हुआ है।

- यह उद्योग विगत में वित्त की उपलब्धता से प्रेरित रहा है।
- 2008 में वैश्विक आर्थिक उथल-पुथल के पश्चात भारत का विकास भारतीय वित्तीय संस्थाओं द्वारा व्यापार को डॉलर वित्त की निरंतर उपलब्धता के कारण हुआ कहा जा सकता है।
- इससे भारतीय कंपनियां अपरिपकृत सामग्री खरीदने और अपनी परिसंपत्तियां बढ़ाने में सक्षम रहीं।

➢ यह देखते हुए कि मूलभूत कार्यशील पूंजी परिसंपत्ति अमरीकी डॉलर में मूल्यांकित होती है, अन्यथ देशों के प्रतिस्पर्धियों को डॉलर आधारित वित्तपोषण प्राप्त होता है।

पिछले 1-2 वर्षों में भारत में उद्योग (6 बिलियन अमरीकी डॉलर का उधार) ने :

- विशेष रूप से भारतीय बैंकों के साथ डॉलर वित्तपोषण की अनुपलब्धता के दौरान कठिन अवधि का सामना किया था।
- इस उद्योग को प्रसारित यह उधार 3.5 प्रतिशत के उधार के आरबीआई दिशानिर्देशों से अधिक थे (अमरीकी डालर उधार लागत को प्रभावित करने वाले देशीय जोखिम कारक)

➢ वैकल्पिक प्रणाली भारतीय रुपये में वित्तपोषण का लाभ उठाने की थी जिसका तात्पर्य यह है कि मुद्रा की जोखिम से बचने के लिए अतिरिक्त लागत का व्यय किया जाना।

आरबीआई ने 14 जनवरी, 2013 के अपने परिपत्र में हाल ही में निर्यात क्रेडिट के लिए एक स्वैप सुविधा की शुरूआत की है। यद्यपि यह स्वैप सुविधा विदेशी मुद्रा में लदान-पूर्व निर्यात क्रेडिट को सहायता देना है। यह मौजूदा क्रेडिट पर पर्याप्त डालर वित्तपोषण प्राप्त करने की उद्योग की जरूरत को पूरा नहीं करती है।

वैकल्पिक रूप से सरकार द्वारा निर्यातकों को उनकी कार्यशील पूंजीगत आवश्यकताओं के लिए विदेशी मुद्रा में ईसीबी की व्यवस्था करने और लाभ उठाने की अनुमति दी जाए।

### *7.2 ब्याज सहायता योजना समूचे रत्न और आभूषण निर्यातकों के लिए लागू की जाए जैसा कि इसे 2008-09 में किया गया था।*

रुपया निर्यात क्रेडिट पर 2 प्रतिशत की ब्याज सहायता योजना इस समय रत्न और आभूषण उद्योग में केवल एसएमई के लिए प्रयोज्य है। इस उद्योग में अधिक कुल कारोबार अधिकांश कंपनियों को एसएमई

की परिभाशा से बाहर रखता है। तथापि, कई छोटी हीरा कंपनियों को उच्चशब्याजो दर पर रुपये में उधार लेने के लिए बाध्यरकिया जाता है जिससे वे अंतरराष्ट्रीय बाजार में अप्रतिस्पर्धी हो जाती हैं।

सभी परिष्कृत हीरा बिक्रियों के लिए 2 प्रतिशत की ब्याजा सहायता योजना फिर से शुरू की जाए। इसका लाभ विनिर्माताओं दिया जा सकता है। यदि उद्योग के इस क्षेत्र के लिए बिंदु 7 में यथाउल्लिखित विशेष डालर निधि की शुरूआत की जाए तो इस उधार की आवश्येकता कम हो जाएगी।

आरबीआई ने अपने 14 जनवरी, 2013 के परिपत्र में हाल ही में 2 प्रतिशत ब्याज सहायता योजना के अंतर्गत इंजीनियरिंग की वस्तुओं में 134 प्रशुल्के लियन शामिल किए हैं। यद्यपि इसमें हीरा उद्योग का उल्लेख नहीं है, फिर भी एसएमई क्षेत्र इसमें शामिल हैं। अधिक कीमत की मशीनरी और हीरा उद्योग में अंडरलाइनिंग देखते हुए अधिकांश निर्यातक एसएमई के लिए निर्धारित दिशानिर्देशों को पूरा नहीं करते हैं, अत: इस ब्याज सहायता का लाभ उठाने में असमर्थ हैं।

**प्रक्रिया से संबंधित**

***8. निर्यात के लिए दस्तावेजों की आवश्यैकता घटाकर 23 से 12 प्रतिलिपि की जाए जैसा कि वर्ष 2006 में इस उद्योग के लिए गठित पिछले कार्य दल के दौरान सुझाव दिया गया था और इसे माना गया था।***

वर्तमान निर्यात प्रक्रिया में भारत सरकार की विभिन्नु एजेंसियों को प्रस्तुात करने के लिए विभिन्नत दस्तावेजों की लगभग 23 प्रतिलिपियां अपेक्षित होती हैं। इन दस्तावेजों का प्रबंध करने में समय बर्बाद होता है। इन दस्तावेजों में से किसी दस्तावेज को प्रस्तुत न करने से निर्यात प्रक्रिया में विलम्ब हो सकता है। यह प्रक्रिया अन्यवप्रमुख अंतरराष्ट्रीय हीरा निर्यात केन्द्रों में नहीं अपनाई जाती है।

इन दस्तावेजों की प्रतिलिपियां घटाकर 12 की जा सकती हैं। पिछली समिति जिसे 2006 में भारत को अंतरराष्ट्रीय हीरा व्यापार केन्द्रलबनाने के लिए अपेक्षित नीतिगत उपायों की सिफारिश करने के लिए तत्कालीन संयुक्त सचिव, वाणिज्य की अध्यक्षता में स्थापित की गई थी, ने इस विषय पर अध्ययन करके इसी प्रकार की सिफारिशें की थीं। अध्ययन की सिफारिशें जिनमें उन विशिष्ट प्रतिलिपियों का उल्लेख है, जिन्हें हटाया जा सकता है, परिशिष्ट 4 में दर्शाया गया है।

***9. इस उद्योग द्वारा सामना किए जा रहे प्रक्रियात्मक मुद्दों के सरलीकरण के लिए सुझावों से संबंधित अन्य. प्रक्रिया***

प्रक्रियाओं का सरलीकरण करने के लिए अन्या सिफारिशें इस प्रकार हैं :

1. आयात और निर्यात के मूल्यांकन और प्रोसेसिंग के लिए पृथक सीमाशुल्क मूल्यांकन क्योंकि इन प्रक्रियाओं का उद्देश्यलभिन्नक है।

   क) 100 प्रतिशत मूल्यांकन के साथ आयात का सही मूल्यक निर्धारण किए जाने की आवश्यकता है क्योंकि यह राजस्वे परिप्रेक्ष्यक से है।

   ख) निर्यात की इस प्रकार जांच की जाती है :

      i) कैरेट, प्रति कैरेट दर और मूल्यअके लिए ही निर्यात की 100 प्रतिशत जांच की जाती है।

      ii) विस्तृत मूल्य निर्धारण के लिए निर्यात के 25 प्रतिशत पर विचार किया जाता है।

      iii) वर्तमान प्रलेखन प्रक्रिया को अंतरराष्ट्रीय केन्द्रोंएकी तर्ज पर किया जाना है जहां केवल प्वाइंट .1.b.i की जांच होती है। हीरों की विशेषताओं की विस्तृत जांच समाप्त की जाए।

2. सीमाशुल्कआउटपोस्टकपर रत्न और आभूषण के लिए मूल्यांकनकर्ता और अधिकारियों की संख्यात में वृद्धि।

3. रत्नश और आभूषण की वस्तुओं के प्रेषण माल को मंजूरी देने में लगने वाले सीमाशुल्का प्रचालन घंटों में वृद्धि करना, साथ ही इसे शनिवार को खुल रखना और विलम्ब से बचने के लिए सुचारू निर्यात सुनिश्चित करना।

4. सीमाशुल्क केन्द्रा में ईडीआई प्रणाली का कार्यान्वयन और ऑनलाइन भुगतान गेटवे प्रणाली का भी क्रियान्वयन करना।

5. अधिसूचना संख्या 1009 आरई-20100/2009-14 के अनुसार, जो वस्तुएं 0.25 कैरेट और इससे अधिक हैं, निर्यात तथा पुन आयात के लिए प्रमाणन और ग्रेडिंग के प्रयोजनार्थ प्राधिकृत हैं। ग्रेडिंग प्रौद्योगिकियों में उन्नति और प्रमाणित रत्नों को खरीदने में उपभोक्तार की अधिक रूचि का

मतलब है जा रत्नय आकार में 0;10-0.15 कैरेट के हो, अब इन्हें भी निरंतर प्रमाणित किया जा रहा है। अत: प्रमाणन और ग्रेडिंग के लिए रत्न के न्यूनतम आकार की सीमा घटाकर 0.25 से 0.10 कैरेट की जाए।

6. प्रमाणन प्रयोजनार्थ अपरिष्कृत हीरा प्रेषण माल निर्यात की अनुमति पर विचार किया जाए।

   (क) कुछ अपरिष्कृत हीरों को पॉलिश करने के पश्चात परिष्कृत वस्तुओं से अलग करना कठिन होता है (30-40 प्रतिशत का संभावित मूल्ये प्रभाव)

   (ख) प्रयोगशालाएं पॉलिश करने से पहले अपरिष्कृत हीरों को स्वीकृत करती हैं और जांच करती है और इस आधार पर प्रमाणित करती हैं।

   (ग) यह भारत में बड़े हीरों के पॉलिश को प्रोत्साहित करेगा।

7. कृत्रिम अपरिष्कृत और अपरिष्कृत हीरों के लिए पृथक आईटीसी एचसी कोड दिए जाए जिससे इस बढ़ते क्षेत्र में निगरानी और खोजने में मदद मिलेगी।

**अतिरिक्त उपाय**

***10. भारत में खान से निकाले गए हीरों के लिए भारतीय हीरा उत्पादक कंपनियों के लाभार्थ नीति***

पिछले 20-30 वर्षों में, भारत में अपरिष्कृत हीरों का कोई महत्वपूर्ण खनन अथवा खोज नहीं हुई हैं। तथापि, भारत में रियोटिनोज बंडर खान जो विकासाधीन है और अन्य हीरा कंपनियां अति तीव्रता से आगे आ रही हैं, अत: यह आशा है कि भारत शीघ्र ही वार्षिक रूप से लगभग 2-3 मिलियन कैरेट अपरिष्कृत हीरों का उत्पादन शुरू करेगा (सबसे बड़ी नई खानों में से एक)। अधिकतर अफ्रीकी देशों, कनाडा और रूस में इस समय कुछ स्वन रूप में लाभ प्रतिक्रया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके प्रोसेसिंग में मूल्यस और जॉब कार्य का हिस्सा उनके संबंधित देशों में रखा जा सके।

भारत निम्नलिखित सुनिश्चित करने पर विचार करें :

- भारत में निकाले गए हीरों के सभी अपरिष्कृत कार्य केवल भारत में किए जाएं।
- भारतीय कंपनियों को खान से निकाले गए किसी अपरिष्कृत हीरे को खरीदने की अस्वीकृति का प्रयास अधिकार होना चाहिए।
- अपरिष्कृत हीरों को निर्यात किया जा सकता है, यदि उसे निर्यात मूल्यवपर खरीदने के लिए कोई भारतीय खरीददार न हो।

*11. उन देशों के साथ मुक्ती व्यापार करना जो हीरों और आभूषणों के उपभोक्ताल हैं,/ किन्तु ब्राजील और रूस की तरह हीरों पर निषेधात्मक आयात शुल्कय लगाना।*

कतिपय विकासशील और उच्चषविकास दर वाले देश हीरा और आभूषणों की उच्ची वृद्धि वाले बाजार हैं। तथापि, इस बाजार में सीधी बिक्री हीरों पर उच्चर शुल्कों के कारण बाधित होती है , जो निर्यात को निषेधात्मक बनाता है।

इन बाजारों में ब्राजील और रूस जैसे देश शामिल हैं।

इन बाजारों पर मुक्तज व्यापार करारों और किसी द्विपक्षीय करारों में शामिल करने पर विचार किए जाने की आवश्यकता है।

12. *प्रमुख बाजारों में (क) हीरों के सामान्यक संवर्धन और (ख) भारत में बने आभूषणों के संवर्धन के लिए पृथक निधियों की स्थापना*

हीरे विलास का उत्पाद होने के कारण उपभोक्ता के बटुए में इसका हिस्सा सुनिश्चित करने के लिए इसके निरन्तर संवर्धन की आवश्ये कता होती है। हाल के समय में हीरों के संवर्धन में व्य ष्टि ब्रांड अथवा आभूषण द्वारा संवर्धन अपर्याप्त अथवा प्रभावी रहा है।

50 वर्ष से अधिक समय के लि ए डि बीयर्स प्रतिवर्ष 200 मिलियन अमरीकी डालर से अधिक राशि विपणन पर खर्च करके हीरों का संवर्धन करती रही है। तथापि , उन्होंने अपना यह संवर्धन रोक दिया है क्योंकि हीरों के खनन का उनका बाजार हिस्सा पिछले 10 वर्षों में 85 प्रतिशत से घटकर 35 प्रतिशत रह गया है। भारत जिसमें इस व्यापार में 90 प्रतिशत से अधिक लोग जुड़े हुए हैं , को इस संवर्धन का सबसे अधिक लाभ प्राप्त हुआ है। ऐसे संवर्धनों के आधार पर नक्षत्र , असमी इत्यादि जैसे लोकप्रिय हीरा आभूषण ब्रांड विकसित हुए थे। वर्ष 2009 में, जीजेईपीसी ने 27 विनिर्माताओं और 85 खुदरा व्यापारियों के सहयोग से श्रेणी के रूप में हीरों और हीरे के आभूषणों के संवर्धन हेतु भारत में "अनंत" ब्रांड संवर्धनकी शुरूआत की थी। तथापि, इसे निधियों के अभाव में 1 वर्ष पश्चात बंद किया गया।

वर्ष 2012 में, जीजेईपीसी ने भारत और चीन सहित 2-3 प्रमुख बाजारों में हीरों के संवर्धन हेतु 3 वर्ष की अवधि में 10 मिलियन अमरीकी डालर खर्च करने के प्रति वचनबद्धता दर्शाई थी। जीजेपीसी को आशा है कि वह हीरों के व्यीवसाय में लगे अपरिष्कृत हीरा उत्पादकों और व्यापारियों जैसे अन्ये कारोबारियों के

लिए योगदान करने औ र इस निधि को बढ़ाने के लिए प्रेरक बनेगा जिससे हीरा का निरन्तो र संवर्धन सुनिश्चित होगा। अत: सरकार इस निधि में इस व्यापार के योगदान के समतुल्यसनिधियां प्रदान करे।

वर्ष 2011 में, इस परिषद ने "मेक इन इंडिया" ब्रांड की धारणा को आंकने के लिए बेसलवर्ल्डक2011 में उपभोक्ता2 अवधारणा सर्वेक्षण कराने के लिए स्विस स्पी त ब्रांडिंग संस्थां न सीएमआरएजी को कार्य सौंपा था। इस संस्थान के प्रमुख श्री मार्को कैसानोवा ने नई दिल्ली में 13 जुलाई, 2011 को तत्कांलीन वाणिज्यसचिव डा. राहुल खुल्लर के समक्ष "यूरोपीय बाजार में भारतीय आभूषणों की अवधारणा" नामक प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया था। इस अनुसंधान के आरंभिक निष्कर्ष इस प्रकार थे :

भारत के अलावा ऐसा कोई देश नहीं है जो अपने को आभूषण के देश के रूप में स्थापित कर सके :

- भारतीय आभूषण निर्माताओं के लिए सबसे बड़ा धोखा मूल्यश्रृंखला आगे न बढ़ना है, इस प्रकार वे पूरा कारोबार चीन को गंवा देंगे।

  यदि भारतीय आभूषण उद्योग अपने आप को आभूषण आपूर्तिकर्ता मानता रहेगा तो वह चीन के विरूद्ध कीमतों का युद्ध हार जाएगा।

- भारत को विश्वद स्तर पर आभूषण निर्माता के रूप में निम्ने लिखित प्रेरकों के साथ स्व यं को स्थापित करने की आवश्यकता है।

  - विरासत
  - परंपरा
  - शिल्पकारिता

  जीजेईपीसी भारत में निर्मित हीरों के आभूषणों के संवर्धन के लिए निधि में 10 मिलियन अमरीकी डालर का योगदान करने हेतु सरकार से अनुरोध करती है। यह निधि

- उच्चा संभावना वाले 2'3 बाजारों के लक्ष्यि बनाएगी
- आधुनिक संदर्भ में परंपरिक कौशल को रेखांकित करेगी
- निरन्तर आधार पर 3-5 वर्षों के लिए संवर्धन करेगी
- यह कार्यक्रम उन आभूषण निर्यातकों के साथ मिलकर तैयार किया जा सकता है जो इस निधि में वृद्धि कर सकते हो और इसे अधिक परिणामोन्मुखी बनाने में योगदान कर सकते हैं।

***13. हीरे और आभूषणों के छोटे विनिर्माताओं को नवीनतम विनिर्माण प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाने में सक्षम बनाने के लिए 200 करोड़ रुपये की प्रौद्योगिकीय उन्नयन निधि योजना (टीयूएफएस) का सृजन***

विश्व में व्यापक प्रौद्योगिकीय परिवर्तनों के साथ इस उद्योग में भी परिवर्तन आ रहा है। अधिकांश बड़े विनिर्माताओं के पास विश्व0 में उपलब्धी नवीनतम प्रौद्योगिकी को आयात करने और इसके नियोजन की क्षमताएं है। तथापि, भारत की शक्ति उसके छोटे विनिर्माताओं में है जि नके पास से प्रौद्योगिकियां नहीं है और इनकी समझ भी नहीं है (विस्तृत जानकारी हेतु परिशिष्ट 5 देखें)

नवीनतम प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के लिए छोटे विनिर्माताओं को प्रशिक्षित करने और सक्षम करने के लिए प्रौद्योगिकी उन्नायन निधि योजना स्थापित किए जाने की आवश्ये कता है। इसके आरंभ में इसके लिए 200 करोड़ रुपए की निधि आरक्षित रखी जाए और इस निधि के संवितरण के प्रचालन को परिधान और चर्म उद्योग के लिए उपलब्धप्रचालन की तर्ज पर तैयार किया जाए।

इस संबंध में, जीजेईपीसी के अनुरोध के आधार पर सरकार ने टियूएफएस के लिए बारह वीं पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत 50 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। इसके आधार पर जीजेईपीसी ने हीरा उद्योग के लिए सामान्ये सुविधा केन्द्रों के सृजन हेतु एक प्रायोगिक प्रस्ताव प्रस्तुत किया है। वर्तमान योजना में गुजरात के 13 क्लस्टरों को शामिल किया गया है जहां छोटे विनिर्माता मौजूद है। इन सामान्य सुविधा केन्द्रों में:

- उपस्करों की खरीद टियूएफएस से वित्तपोषित की जाएगी।
- उपस्करों की खरीद संबंधित क्लस्टर समुदाय की आवश्यकताओं के अनुसार की जाएगी।
- मशीनरी चलाने और उसके मरम्मं त का दायित्वसंबंधित स्थानीय संघ का होगा, जिससे छोटे विनिर्माताओं की भागीदारी बढ़ेगी।

जीजेईपीसी आपूर्ति की गई मशीनरी के इष्टतम प्रयोग को सुनिश्चित करने के लिए आस्थापना और निगरानी में दद करेगी।

सफलता और अभिरुचि को आधार पर, यह योजना अन्यो क्लस्टरों और आभूषण क्षेत्र के लिए भी लागू की जा सकती है। आभूषण विनिर्माण में प्रयुक्त प्रौद्योगिकी को अद्यतन करने में समय लगेगा।

## *14. कौशल विकास*

रत्न और आभूषण उद्योग पारंपरिक रूप से एक कौशल आधारित उद्योग है जिसमें शिल्पकला एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तांतरित होती है। तथापि प्रौद्योगिकी में हुई प्रगति से भारतीय हस्त निर्मित आभूषण वैश्विक उपभोक्ताओं को कम आकर्षित करते हैं। उद्योग यह जरूरत है कि कामगारों को वैश्विक घटनक्रमों के अनुसार फिर से कुशल बनाया जाए।

भारतीय रत्न और आभूषण कौशल परिषद (जीजेएससीआई) की स्थापना जनवरी 2011 में रत्न और आभूषण उद्योग में कौशल संबंधी अपेक्षाओं को बढ़ाने और अद्यतन करने के लिए की गई थी (विस्तृत जानकारी हेतु परिशिष्ट 5 देखें)

**भविष्य की कार्रवाई :**

- 9वीं कक्षा से सीबीएसई और अन्य विद्यालयों में व्यावसायिक पाठ्क्रम के रूप में हीरा मूल्यांकन तथा हीरा कट-डिजाइन की शुरूआत। इस कार्यक्रम हेतु गुजरात एक प्रायोगिक राज्य होगा।
- हीरा प्रोसेसिंग जॉब कार्य करने वाली छोटी इकाइयों के उन्नायन के कार्यक्रम की शुरूआत करना इसका लक्ष्य इन इकाइयों के कामगारों को अपनी उत्पादकता और कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए अपने कौशल को उन्नत करने हेतु प्रशिक्षित करना भी है। यह प्रशिक्षण लघु पुस्तिकाओं के साथ-साथ संगोष्ठियों के माध्यम से मुहैया कराया जाएगा ऑन-साइट और ऑफ साइट दोनों में)
- हीरा प्रोसेसिंग उप क्षेत्र में आरंभिक स्तर पर सभी जॉब कार्यों के लिए प्रशिक्षण पुस्तिकाएं तैयार करने का कार्य करना। ये पुस्तिकाएं स्थानीय भाषाओं में होगी तथा मशीनरी और औजार विनिर्माताओं की सहायता से विकसित की जाएगी।

## *15. आयात हेतु प्रीफॉर्म रत्नों को अपरिष्कृत रत्न माना जाए*

इस समय, कई देश जो अपरिष्कृत रत्नों का उत्पादन कर रहे हैं, अब अपने ही देश में रत्नों की प्रोसेसिंग पर जोर दे रहे हैं, जैसे तंजानिया गणतंत्र जिसने एक ग्राम अथवा इससे अधिक वजन के अपरिष्कृत तंजानाइट रत्नों के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया है ताकि तंजानिया में उस पर अधिक मूल्यवर्धन किया जा सके। अत : भारतीय निर्यातकों के पास ऐसे रत्नों के प्रीफॉर्म नगों के आयात के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

